दिनांक : 08.04.2026 समय : 02.10pm

मुद्रा योजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना युवाओं में स्वरोजगार को बढ़ावा देने में बहुत लाभकारी सिद्ध हुई है। 2015 में शुरू हुई इस योजना ने आज 11 साल पूरे कर लिए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि इस योजना की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि जब लोगों को सही अवसर मिलते हैं, तो वे आत्मनिर्भर बन सकते हैं और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इस अवसर पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि इस योजना ने देश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों - एमएसएमई तथा अनगिनत व्यक्तिगत उद्यमियों के लिए ऋण व्यवस्था को नया रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि पिछले दशक में भारत में एक ऐसा बदलाव आया है जहां करोड़ों आम नागरिकों ने नए आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता के साथ उद्यमशीलता के क्षेत्र में कदम रखा है। श्रीमती सीतारामन ने कहा कि इस पहल से ऋण प्राप्त करने में आने वाली बाधाओं को दूर करके उद्यमशीलता का सही मायने में लोकतंत्रीकरण हुआ है ।

रेपो रेट

भारतीय रिजर्व बैंक ने नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट को पांच दशमलव दो-पांच प्रतिशत पर यथावत रखा है। मौजूदा वित्त वर्ष के लिए पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए आरबीआई के गर्वनर संजय मल्होत्रा ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने तटस्थ रुख अपनाते हुए सर्वसम्मति से रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं करने का निर्णय लिया है। स्टेंडिंग डिपोजिट फैसिलिटी रेट पांच प्रतिशत और मार्जनल स्टेंडिंग फैसिलिटी रेट तथा बैंक रेट को 5 दशमलव 5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। गवर्नर की अध्यक्षता में समिति की बैठक सोमवार को शुरू हुई थी।

युद्धविराम

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतेरश ने अमरीका और ईरान द्वारा दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा का स्वागत किया और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष में शामिल सभी पक्षों से अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का पालन करने और युद्धविराम की शर्तों का अनुपालन करने का आग्रह किया। एक बयान में, उन्होंने कहा कि लोगों के जीवन की रक्षा और मानवीय पीड़ा को कम करने के लिए शत्रुता का अंत अत्यंत आवश्यक है।

कृषि मंथन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज जबलपुर के जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में 'कृषि मंथन 2026' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने 13 करोड़ की लागत से बने 'अटल बिहारी वाजपेयी प्रशासनिक भवन' समेत कुल 16.37 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 10 स्टार्टअप्स को राशि स्वीकृत की और एक हजार 'कृषि सखियों' के प्रशिक्षण का आगाज भी किया। डॉ. यादव ने स्पष्ट किया कि प्राकृतिक खेती और तकनीक का एकीकरण ही किसानों की आय दोगुनी करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस दौरान उन्होंने पशुपालकों को 'कामधेनु योजना' के तहत करोड़ों के हितलाभ भी वितरित किए।

गेहूं उपार्जन

प्रदेश में कल से शुरू हो रही गेहूं उपार्जन प्रक्रिया को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज किसान और स्वयंसेवी संगठनों के साथ चर्चा की। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार किसानों को उनकी फसल का सही दाम दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।उपार्जन केंद्रों पर किसानों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क और जिला स्तरीय कंट्रोल रूम बनाए गए हैं, जिसकी निगरानी सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय से की जाएगी। डॉ. यादव ने सभी कलेक्टर्स को केंद्रों पर छाया, पानी और सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

मौसम

प्रदेश में एक साथ तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन सक्रिय होने से मौसम फिर बदल गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में 18 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। आज दतिया, निवाड़ी, छतरपुर और टीकमगढ़ में ओलावृष्टि की प्रबल आशंका है।ग्वालियर, रीवा और शहडोल संभाग समेत कई इलाकों में 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। शिवपुरी और दतिया में भारी बारिश के बाद अब 11 अप्रैल को एक और पश्चिमी विक्षोभ दस्तक देने वाला है।

समाचार संक्षेप में :-

- मंडला जिले के बिछिया थाना क्षेत्र में चार नाबालिग बालिकाओं की गुमशुदगी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी बालिकाओं को सकुशल बरामद कर लिया है।
- अक्षय तृतीया के दौरान बाल विवाह की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए आगरमालवा कलेक्टर ने कल बाल विवाह रोकथाम हेतु विशेष दिशा-निर्देश जारी किए है।
- **कटनी** जिले में नागरिकों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा बेकरी का औचक निरीक्षण किया गया।
- झाबुआ जिले में किसानों को उर्वरक वितरण की प्रक्रिया को पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाने के लिए अब 1 अप्रैल से पूरी तरह ई-विकास प्रणाली लागू कर दी गई है।
- सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आज जिगनहट में अमृत 2.0 के फिल्टर प्लांट ऐनीकट एवं पाइप लाइन बिछाए जाने के कार्य का शुभारंभ किया।